# वरिष्ठ नागरिकों के लिए ड्राइव इन वैक्सीनेशन हाउसिंग बोर्ड के क्रिकेट मैदान में भी हुआ प्रारंभ

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा टीकाकरण को लेकर एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, इसी अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 26 हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट मैदान में वरिष्ठ जनों के लिए आज से टीकाकरण प्रारंभ हो गया है , समय सायं 5:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक वरिष्ठ नागरिकों को टीका लगाया जाएगा! आज प्रथम दिन टीकाकरण के लिए आए हुए पात्र हितग्राहियों को टीकाकरण के पश्चात गुलाब का फूल देकर उनका स्वागत किया गया! वरिष्ठ नागरिक बड़े ही उत्साह से हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट मैदान पहुंच रहे हैं और अपने निजी चार पहिया वाहन में बैठकर ही टीका लगवा रहे हैं , इस टीकाकरण केंद्र की खासियत यह है कि सायं से लेकर रात्रि के निर्धारित समय तक कोविड का टीका लगाया जाएगा! सूर्या मॉल में वरिष्ठ नागरिकों को करवाए जा रहे टीकाकरण की अपार सफलता के बाद भिलाई के दूसरे क्षेत्र में इसकी स्थापना करने का निर्णय लिया गया है! भिलाई के सूर्या मॉल में लगातार वाहनों की कतारें लग रही है! 1 घंटे में ही 32 लोगों ने यहां कोविड का टीका लगवा लिया! विधायक श्री देवेंद्र यादव ने हाउसिंग बोर्ड मैदान में ड्राइव इन वैक्सीनेशन के शुरुआत करने की पहल की थी, आज मैदान में पहुंचकर उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों का उत्साहवर्धन किया! यहां सबसे अहम बात है कि यह बड़ा मैदान है , गर्मी का मौसम है जिसको देखते हुए रात्रि में टीकाकरण का फैसला लिया गया है, पूरे मैदान रोशनी से भरा हुआ है , ऑब्जरवेशन के लिए यहां पर पर्याप्त स्थल है , रजिस्ट्रेशन, वैक्सीनेशन एवं वेरीफायर का काउंटर स्थापित करने के लिए भी एवं वाहनों के कतार के लिए तथा टीकाकरण के पश्चात ऑब्जरवेशन के दौरान वाहनों के पार्किंग के लिए भी पर्याप्त स्थल मौजूद है यही कारण है कि इस स्थल का चयन वरिष्ठ नागरिकों के टीकाकरण ड्राइव इन वैक्सीनेशन के लिए किया गया है! उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर टीकाकरण को लेकर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है! इसी तर्ज पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए ड्राइव इन वैक्सीनेशन की शुरुआत नगर पालिक निगम भिलाई में की गई है! आज टीकाकरण के प्रारंभ के दौरान उपायुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त पूजा पिल्ले , सहायक अभियंता कुलदीप गुप्ता एवं जावेद अली मौजूद रहे!